**न्यायालय- वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 01, मेरठ।**

**निष्पादन वाद संख्या 40/2024**

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक बनाम सुनील कुमार और अन्य

**दिनांकः 02-01-2026**

वाद पुकारा गया। डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित है। निर्णीतऋणीगण की ओर से कोई उपस्थित नहीं है।

डिक्रीदार द्वारा प्रार्थना पत्र 20ग निर्णीतऋणीगण की संपत्ति की चौहद्दी विवरण प्रस्तुत किया गया है। अतः इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांकित 24-07-2025 के अनुक्रम में निर्णीतऋणी की संपत्ति की कुर्की हेतु पुनः अमीन को नियमानुसार परवाना जारी हो। अमीन को कुर्की परवाना जारी करते समय समस्त विवरण अंकित किया जाये।

अमीन को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रार्थना पत्र 20ग में दर्शित चौहद्दी और निर्णीतऋणी सुनील कुमार के भवन के प्रपत्रों की जाँच करने के पश्चात सम्पत्ति को कुर्क करें। इस निमित डिक्रीदार पैरवी अन्दर सप्ताह करे।

पत्रावली दिनांक 03-02-2026 को पेश हो।

पीठासीन अधिकारी
वाणिज्यिक न्यायालय संख्या 1,
मेरठ।

Digitally signed by Kshitij Kumar Srivastava
Date: 2026.01.02 16:30:55 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court